पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का दीक्षान्त समारोह स्थगित

लखनऊः 28 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय, श्री राम नाईक ने 01 दिसम्बर, 2014 को प्रस्तावित भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा का दीक्षान्त समारोह स्थगित कर दिया है। उनके संज्ञान में आया है कि भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा अभी तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 की अंक तालिकायें तैयार नहीं की गई हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एस0एन0 मेडिकल कालेज की वर्ष 2013-14 की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की अंक तालिकायें भी अभी तक तैयार नहीं है।

श्री नाईक ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी अपूर्ण अंकतालिकायें एक माह के भीतर पूर्ण करके वितरित की जाय जिसके उपरान्त दीक्षान्त समारोह की नई तिथि निर्धारित की जायेगी।